राज्यपाल से अमेरिका के राजदूत की मुलाकात

जयपुर, 23 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से यहां राजभवन में गुरूवार को भारत में अमेरिका के राजदूत श्री केनेथ आई जस्टर ने मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र से श्री केनेथ की शिष्टाचार भेंट थी। राज्यपाल श्री मिश्र ने अमेरिका के राजदूत को राजस्थान के पर्यटन स्थल, रेगिस्तान, वन्य जीवन आदि के बारे में बताया। राज्यपाल ने बताया कि राजस्थान में बांसवाड़ा और उदयपुर में इको–टयूरिज्म के अच्छे अवसर है।

श्री केनेथ आई जस्टर ने बताया कि राजस्थान से उनका पुराना नाता है। उनके माता–पिता 1966 में राजस्थान घूमने आ चुके है और वह स्वयं भी राजस्थान में जैसलमेर, पुष्कर, उदयपुर आदि घूम चुके है। यहां की विविधता उन्हें पसंद है। श्री जस्टर राजभवन में मोरों को देख कर काफी प्रभावित हुए। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार व अमेरिकी दूतावास के अधिकारी भी मौजूद थे।

——

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 23 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर प्रदेश की बालिकाओं को बधाई दी है। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि बेटिया घर की मणि होती है। वे संवेदनशील होती है। हमें उनके प्रति अपने दायित्वों, सामाजिक कर्तवयों को पूरा करने का संकल्प लेना होगा। हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर देश को गौरवान्वित करने वाली बेटियों के मार्ग की बाधाओं को दूर करना होगा।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेषक (जनसम्पर्क) राज्यपाल